डॉ॰ भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती: आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)
(Accredited Grade A+ by NAAC)

पत्रांकः **COE/261/2026** दिनांक **12-06-2026**

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त विधि स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

विषयः सत्र 2025–26 की एल.एल.बी. एवं बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रमों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं हेतु परीक्षकों के नाम नामित किये जाने के संबंध में।

महोदय / महोदया,

अवगत कराना है कि सत्र 2025–26 की एल.एल.बी. प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बी.ए.एल.एल.बी. तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम वर्ष की प्रयोगात्मक परीक्षाओं का आयोजन कराया जाना है। उक्त परीक्षाओं के सुचारु एवं निष्पक्ष संचालन हेतु संबंधित विषयों के परीक्षकों के नाम नामित किया जाना अपेक्षित है।

अतः उक्त के क्रम में सम्बद्ध विधि स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों के अनुमोदित प्राचार्य / प्राचार्या एवं विषयवार अनुमोदित शिक्षकों से सम्बन्धित निम्नलिखित अभिलेख **दिनांक 18.06.2026 तक अपरान्ह् 02:00 बजे से 05:00 बजे के मध्य रसायन विज्ञान विभाग, बेसिक विज्ञान संस्थान, खन्दारी परिसर, आगरा** में अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें:–

1. विश्वविद्यालय से अनुमोदित प्राचार्य / प्राचार्या के अनुमोदन पत्र की प्रति।
2. विश्वविद्यालय से अनुमोदित विषयवार शिक्षकों की सूची एवं अनुमोदन पत्र की प्रति।
3. संबंधित शिक्षकों के नियुक्ति पत्र एवं कार्यभार ग्रहण (Joining) पत्र की प्रति।
4. विगत पाँच वर्षों के वेतन भुगतान से सम्बन्धित बैंक स्टेटमेंट की प्रति।

निर्धारित तिथि तक वांछित अभिलेख उपलब्ध न कराये जाने की स्थिति में आन्तरिक परीक्षक विश्वविद्यालय द्वारा नामित किया जायेगा।

अतः निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित समयावधि में अभिलेख उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे प्रयोगात्मक परीक्षाओं की प्रक्रिया समयबद्ध रूप से सम्पन्न कराई जा सके।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रभारी, कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. अधीक्षक, कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित समन्वयक।
4. सहायक कुलसचिव, परीक्षा / गोपनीय।
5. एजेन्सी 2025–26 को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त सूचना को सम्बन्धित महाविद्यालयों की लॉगिन आई0डी0 पर अपलोड करना सुनिश्चत करें।
6. गार्ड फाइल।

परीक्षा नियंत्रक